आजादी का अमृत महोत्सव
शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्याः1343/चार–2021

प्रेषक,

आनन्द कुमार
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1.समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
2.समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग लखनऊः दिनांक 07 अगस्त, 2021

विषयः 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत दिनांक 09 अगस्त, 2021 को भव्य आयोजन कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासनादेश सं0–1335/चार–2021, दिनांक 06 अगस्त, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। अवगत कराना है कि 09 अगस्त, 2021 को काकोरी ट्रेन एक्शन वर्षगॉठ के अवसर पर काकोरी शहीद स्मारक जनपद लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन पूर्वान्ह 11.00 बजे के स्थान पर संशोधित कार्ययोजना के अनुसार पूर्वान्ह 10.30 बजे प्रारम्भ किया जायेगा।

2. समस्त जनपदों में पूर्वान्ह 10.00 बजे के स्थान पर प्रातः 9.00 बजे कार्यक्रम प्रारम्भ किये जायेंगे एवं पूर्वान्ह 9.30 बजे से प्रदेश के समस्त जनपदों के आयोजन स्थल काकोरी शहीद स्मारक लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से जुड़ जायेंगे।

3. आयोजन से संबंधित अन्य दिशा–निर्देश यथावत् रहेंगे।

कृपया उपरोक्तानुसार समयबद्ध कार्यवाही करते हुए भव्य आयोजन कराने का कष्ट करें। प्रश्नगत कार्यक्रम केन्द्र एवं राज्य सरकार की शीर्ष वरीयता से आच्छादित हैं। आयोजन से संबंधित किसी भी जानकारी के लिये श्री अमित कुमार अग्निहोत्री, सहायक निदेशक (मो0नं0–9451989884), संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 से सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय

( आनन्द कुमार )
विशेष सचिव

सं0–1343 चार–2021, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, सूचना/गृह/राजनैतिक पेंशन/ग्राम्य विकास/नगर विकास/पंचायती राज/उच्च शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री (स्व0 प्र0), संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।

( आनन्द कुमार )
विशेष सचिव

**शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध**
**आजादी का अमृत महोत्सव**
**संख्याः 1335 /चार–2021**

प्रेषक,

आनन्द कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

**संस्कृति अनुभाग** **लखनऊः दिनांक 06 अगस्त, 2021**

**विषयः 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत दिनांक 09 अगस्त, 2021 को भव्य आयोजन कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' के आयोजन के अन्तर्गत काकोरी घटना की वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 09 अगस्त, 2021 को समस्त प्रदेश में भव्य आयोजन कराये जाने हैं। चौरी चौरा शताब्दी समारोह एवं आजादी का अमृत महोत्सव समारोह पूर्वक मनाये जाने के संबंध में शासन के पत्र दिनांक 31 जुलाई, 2021 एवं दिनांक 05 अगस्त, 2021 द्वारा सामान्य निर्देश दिए गए हैं।

2. काकोरी शहीद स्मारक जनपद लखनऊ में उक्त अवसर पर पूर्वान्ह 11:00 बजे मुख्य समारोह आयोजित किया जायेगा जिसके सजीव प्रसारण का प्रदर्शन सूचना विभाग, उ0प्र0 के माध्यम से प्रदेश के अन्य जनपदों में आयोजित हो रहे कार्यक्रम में किया जायेगा।

3. समस्त जनपदों में स्वतंत्रता संग्राम स्थलों/शहीद स्मारकों, शैक्षणिक संस्थानों में पूर्वान्ह 10:00 बजे से कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे एवं पूर्वान्ह 11:00 बजे से समस्त जनपद के आयोजन स्थल, काकोरी शहीद स्मारक, लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से जुड़ जायेंगे। समस्त जनपदों के शहीद स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में उक्त हेतु सम्यक् व्यवस्थाएं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहयोग से समयान्तर्गत सुनिश्चित कर ली जाय एवं इसका पूर्वाभ्यास भी कर लिया जाए।

4. समस्त जनपदों में दिनांक 09 अगस्त, 2021 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत काकोरी घटना की वर्षगांठ के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया जायेगा जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किये जायेंगेः–

1. प्रत्येक जनपद में प्रभात फेरी/तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी इसके अन्तर्गत एन0एस0एस0, एन0सी0सी0, स्काउट गाइड, सिविल डिफेन्स, समाजसेवी, स्वयंसेवा संस्थाओं आदि के वालंटियर्स को सम्मिलित किया जायेगा जिन्हें प्रभात फेरी के स्लोगन पूर्व में ही उपलब्ध करा दिये जायेंगे।

2. प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में स्वच्छता को एक अभियान के रुप में संचालित किया जाय। नगरीय क्षेत्रों में नगर निकायों द्वारा नगर निकायों के सहयोग से एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से जिला प्रशासन से समन्वय करते हुए दिनांक 09 अगस्त से 16 अगस्त, 2021 तक सभी महत्वपूर्ण शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों आदि की सफाई, रंगाई पुताई आदि करायी जाय।

3. सभी जनपदों के महत्वपर्ण शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों, शहीद ग्रामों में संबंधित घटना अथवा जनपद के सेनानियों एवं शहीदों पर आधारित स्थानीय बोलियों में काव्य गोष्ठियां आदि करायी जायें जिसमें स्थानीय कवियों को आमंत्रित किया जाय।

4. शिक्षा से जुड़े विभागों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी आयोजित करायी जाएं। जनपद में शहीद स्थलों/स्मारकों आदि पर विद्यार्थियों, युवाओं एवं जनसामान्य हेतु सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाये।

5. जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों का सम्मान आदि कार्यों को प्रमुखता से किया जायेगा।

6. दिनांक 09 अगस्त, 2021 को प्रदेश के समस्त शहीद स्थलों, शहीद स्मारकों, शैक्षणिक संस्थानों में दीप प्रज्जवलन का कार्यक्रम किया जाये।

5. समस्त जनपदों में माननीय मंत्रीगण एवं माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधि एवं शहीदों/स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया जाये तथा कोविड–19 प्रोटोकॉल के अनुरुप अतिथियों एवं अन्य प्रतिभागियों के बैठने की सुरुचिपूर्ण ढंग से व्यवस्था की जाये।

6. कार्यक्रम स्थल पर कोविड–19 हेल्पडेस्क अनिवार्य रुप से स्थापित की जाये जिस पर मास्क, सेनेटाइजर एवं थर्मल स्कैनर उपलब्ध हों। इस हेतु एक नोडल अधिकारी भी नामित किया जाये।

7. उपरोक्त के अग्रेतर आजादी का अमृत महोत्सव दिनांक 09 अगस्त, 2021 के उपरान्त भी प्रत्येक माह कार्यक्रम कराये जायेंगे। चौरी–चौरा शताब्दी समारोह एवं आजादी का अमृत महोत्सव के प्रस्तावित कार्यक्रमों/आयोजनों के क्रियान्वयन के लिए माह अगस्त, 2021 से माह दिसम्बर, 2021 तक के कार्यक्रमों के लिए जनपद प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर,

लखनऊ, कानपुर नगर, झाँसी, आगरा, बरेली, शाहजहाँपुर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर को रु0 10.00 लाख एवं अन्य जनपदों को रु0 05.00 लाख की धनराशि दी जा रही है।

कृपया उपरोक्तानुसार समयबद्ध कार्यवाही करते हुए भव्य आयोजन कराने का कष्ट करें। प्रश्नगत कार्यक्रम केन्द्र एवं राज्य सरकार की शीर्ष वरीयता से आच्छादित है।

भवदीय

(आनन्द कुमार)
विशेष सचिव

**सं0– 1335 /चार–2021, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, सूचना/ गृह/ राजनैतिक पेंशन/ग्राम्य विकास/नगर विकास/पंचायती राज/उच्च शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री (स्व0 प्र0), संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।

(आनन्द कुमार)
विशेष सचिव